

# भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ बनाए 238 रन

## बारिश प्रभावित मुकाबले में भारतीय टीम ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी से खड़ा किया मजबूत स्कोर



शुरुआती झटकों के बाद कुंडु-सूर्यवंशी ने संभाली पारी

### 238 पर सिमटा भारत

**बुलावायो, 17 जनवरी. वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडु की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने शनिवार को अंडर-19 विश्व कप के वर्षा प्रभावित मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 238 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।**

शुरुआती झटकों से उबरते हुए दोनों बल्लेबाजों ने भारतीय पारी को संभाला और टीम को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो शुरुआती ओवरों में सही साबित हुआ। भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 53 रन तक अपने तीन अहम विकेट गंवा दिए। कप्तान आयुष म्हात्रे केवल छह रन बनाकर आउट हो गए, जबकि वेदांत त्रिवेदी खाता भी नहीं खोल सके। दोनों बल्लेबाजों को अल फहद ने तीसरे ओवर में पवेलियन भेजा। इसके बाद विहान मल्होत्रा सात रन बनाकर अजीजुल हकीम की गेंद पर आउट हुए।

लगातार गिरते विकेटों के बीच भारतीय पारी लड़खड़ा रही थी, लेकिन तभी अभिज्ञान कुंडु क्रीज पर आए और उन्होंने वैभव सूर्यवंशी के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 62 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए टीम को स्थिरता दी। इस दौरान सूर्यवंशी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वैभव सूर्यवंशी ने 67 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए 72 रन की शानदार पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी में आत्मविश्वास और आक्रामकता दोनों साफ दिखाई दे रहे थे।

> 27वें ओवर में इकबाल हुसैन इमोन ने उन्हें आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। इसके बाद हरवंश पंगालिया केवल दो रन बनाकर आउट हो गए, जबकि कनिष्क चौहान ने 28 रन की उपयोगी पारी खेली। बारिश के कारण खेल रोके जाने तक भारत ने 39 ओवर में छह विकेट पर 192 रन बना लिए थे, बारिश ने मैच की रफ्तार तोड़ी.

### एडेन मार्करम का विराट विस्फोट

**नई दिल्ली 17 जनवरी.** टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम अपने शानदार फॉर्म से विरोधी टीमों के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। ट्20 लीग में उन्होंने जिस तरह की विस्फोटक बल्लेबाजी दिखाई है. डरबन सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए मार्करम ने पार्ल रॉयल्स के खिलाफ तूफानी शतक जड़कर मैच का रुख एकतरफा कर दिया। इस मुकाबले में एडेन मार्करम ने 58 गेंदों में 108 रन की जबरदस्त पारी खेली। मार्करम का शतक पूरा करने का अंदाज खासा चर्चा में रहा। उन्होंने सेंचुरी तक पहुंचने के लिए लगातार चार गेंदों पर 6,4,6,6 जड़ दिए।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच निर्णायक मैच आज

## इंदौर के होल्कर मैदान पर तीसरा एक दिवसीय



**इंदौर 17 जनवरी.** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को वनडे सीरीज के निर्णायक मैच खेला जाएगा. जहां मेहमान टीम लगभग दो दशकों के बाद भारतीय धरती पर एक दुर्लभ वनडे सीरीज जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी. वहीं भारत घरेलू रिकार्ड को कायम रखते आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा. होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के भारत दौरे के तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड को कायम रखते हुए आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा. मैच के पूर्व शनिवार को भारतीय टीम के लिए खिला?ियों ने प्रेक्टिस में जमकर पसीन बहाया. भारतीय टीम पिछले 20 सालों में घरेलू जमीं पर न्यूजीलैंड से एक भी वनडे सीरीज नहीं हारी है और इस मैदान पर उसका रिकॉर्ड 7-0 का रहा है. इसके साथ ही होलकर मैदान भारतीय टीम के लिए भाग्यशाली रहा है. भारतीय टीम यहां लगभय अजेय रही है. टीम अपना रिकार्ड कायम रखना चाहेगी.

# जापान को मिला 388 का लक्ष्य

## श्रीलंका के दिमंधा और वीरन ने खेलीं शतकीय पारियां



**विंडहोक, 17 जनवरी** वीरन चामुदिथा (192) और दिमंथा महाविथान (115) की आतिशी शतकीय पारियों की बदौलत श्रीलंका ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप के आठवें मुकाबले में जापान के खिलाफ चार विकेट पर 387 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

आज यहां जापान की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए दिमंथा महाविथान और

### अंडर-19 विश्व कप
### सलामी जोड़ी के बीच हुई 328 रन की साझेदारी

वीरन चामुदिथा की सलामी जोड़ी ने रिकार्ड 328 रनों की साझेदारी कर विशाल लक्ष्य की नींव रखी। दिमंथा महाविथान ने 125 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 115 रन बनाये। वहीं वीरन चामुदिथा ने 146 गेंदों में 26 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 192 रनों की पारी खेली। श्रीलंका के ये दोनों विकेट 44वें और 45वें ओवर में गिरे। 47वें ओवर में दुलनिथ सिगेरा (पांच) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। कविजा गमागे चार रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 387 रन बनाये। कप्तान विमथ दिनसारा ने 24 गेंदों में एक चौका और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 44 रनों की पारी खेली। जापान के लिए टिमोथी मूर ने तीन विकेट लिये।

### वीरन चामुदिथा अंडर-19 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर करने वाले खिलाड़ी बने

विंडहोक, 17 जनवरी आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्वकप में शनिवार को श्रीलंका के विरन चामुदिथा ने 192 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलकर टूर्नामेंट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गये है। आज यहां चामुदिथा अंडर-19 विश्वकप 2026 के अपने पहले मैच में जापान के खिलाफ 192 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपने हमवतन हसिथ बोयागोडा के 2018 टूर्नामेंट में केन्या के खिलाफ 191 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा, इससे पहले उन्हें टिमोथी मूर ने आउट किया था। उन्होंने अपनी पारी में 26 चौके और एक छक्का लगाया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार चामुदिथा ने एक और ऐतिहासिक कारनामा किया है। उन्होंने दीमंथा महाविथान के साथ 328 रन की ओपनिंग साझेदारी की जो कि टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इस बड़ी ओपनिंग साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में जापान की अंडर-19 को जीत के लिए 388 रनों का लक्ष्य दिया।

## एक नजर में



### मीरा एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब

**एडिलेड.** उभरती हुई टेनिस स्टार मीरा एंड्रीवा ने कनाडा की विक्टोरिया म्बोको को हराकर एडिलेड इंटरनेशनल में महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में रूस की एंड्रीवा ने 64 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एंड्रीवा के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है। यह एंड्रीवा का अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए टूर टाइटल और डब्ल्यूटीए 500 लेवल का पहला खिताब है। उन्होंने टूर्नामेंट में गत चैंपियन मैडिसन कीज को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त दी और सेमीफाइनल में किम्बर्ली बिरेल को हराया था।

### विजेंदर एशियन मुक्केबाजी परिषद के सदस्य नियुक्त


**नयी दिल्ली.** भारतीय बॉक्सिंग आइकन विजेंदर सिंह को एशियन मुक्केबाजी परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। विजेंदर, मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता हैं, और उनके पास एमेच्योर और पेशेवर बॉक्सिंग दोनों में खेल के उच्चतम स्तर पर लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियन बॉक्सिंग काउंसिल में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एशियन मुक्केबाजी परिषद का सदस्य नियुक्त किये जाने पर विजेंदर सिंह ने कहा, मैं एशियन बॉक्सिंग काउंसिल का सदस्य नियुक्त किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा है। मैं बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और उसके नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी। मुझे उम्मीद है कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से इस भूमिका को निभाऊंगा। जिस तरह हमने बीजिंग में इतिहास रचा था, मैं एशियाई बॉक्सिंग के विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जिसमें भारतीय मुक्केबाजों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और हमारे एथलीटों को भविष्य में और भी बड़ी सफलता हासिल करने में मदद करूंगा।





### श्रीनिधि डेक्कन ने मरीना अकादमी को 2-1 से हराया

**नयी दिल्ली.** श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब ने शनिवार को एआईएफएफ एलीट यूथ लीग 2025-26 में एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। आज सुबह खेले गये मुकाबले की शुरुआत में मुहम्मद जहान एम.एम. ने सातवें मिनट में गोलकर श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब को बढ़त दिलाई। इसके बाद अरमान छेत्री ने 29वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसे बाद दोनों टीमों के कई बार गोल करने के प्रयास किये, लेकिन वे इसमें विफल रही। कपमिनलाल ने 89वें मिनट में अपनी टीम एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के लिए संत्वाना गोल किया।



### प्रो रेसलिंग लीग 2026

# दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने महाराष्ट्र केसरी को हराया

**नोएडा 17 जनवरी उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में 16 दिवसीय प्रो रेसलिंग लीग 2026 खेल के दूसरे दिन शुक्रवार देर रात तक खेले गए दंगल मैच में दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर सशक्त शुरुआत की।**

> सारिका ने किया सबसे बड़ा उलटफेर

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की 17 वर्षीय पहलवान सारिका ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पेरिस 2024 की रजत पदक विजेता गुज़मान लोपेज़ युसनेयलिस को 7-0 से मात दी।


मुकाबले की शुरुआत महाराष्ट्र केसरी ने 57 किग्रा महिला वर्ग में मनीषा भनवाला की 6-0 की जीत के साथ बढ़त बनाकर की। दिल्ली ने हालांकि पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में शुभम कौशिक की शानदार वापसी के दम पर स्कोर बराबर कर दिया। शुभम ने पावर मिनट में निर्णायक चार अंकों का टेकडाउन लगाते हुए 12-10 से जीत दर्ज की। 53 किग्रा महिला वर्ग में युवा सारिका के दबदबे के बाद महाराष्ट्र की डुडोवा बिल्याना झिवकोवा ने अंजलि को 10-2 से हराकर मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 125 किग्रा हैवीवेट में महाराष्ट्र के पूर्व यूरोपीय चैंपियन रॉबर्ट बारन ने रोनक को 5-0 से हराकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिलाई।



### कर्टनी वॉल्श को जिम्बाब्वे ने सलाहकार किया नियुक्त

**हरारे, 17 जनवरी** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आगामी टी-20 विश्वकप से अपने सहयोगी स्टाफ के रूप में वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श को सलाहकार नियुक्त किया है। उपमहाद्वीप में खेलने का काफी अनुभव रखने वाले वॉल्श ने इस वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक चलेगा।

# मैनचेस्टर डर्बी में यूनाइटेड का दमदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली 17 जनवरी. ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए प्रीमियर लीग के मैनचेस्टर डर्बी में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने चिर-प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर सिटी को 2-0 से मात देकर सीजन की सबसे अहम जीत दर्ज की। ब्रायन एमब्यूमो और पैट्रिक डॉर्गु के गोलों ने**

> मैनचेस्टर सिटी को 2-0 से हराया
> कैरिक के दौर की शानदार शुरुआत

**यूनाइटेड को न सिर्फ तीन कीमती अंक दिलाए, बल्कि अंतरिम मैनेजर माइकल कैरिक के कार्यकाल की भी विजयी शुरुआत कराई। यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि सिटी 2026 में अब तक लीग में जीत का खाता नहीं खोल सकी है।**

पहले हाफ में सिटी ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन यूनाइटेड की रक्षापंक्ति ने हर हमले को नाकाम किया। हाफ के अंत तक स्कोर 0-0 रहा, पर मेजबान टीम की रणनीति असर दिखाने लगी थी। दूसरे हाफ में मुकाबले की तस्वीर बदली। 65वें मिनट में यूनाइटेड के घातक काउंटर अटैक ने सिटी की रक्षापंक्ति खोल दी। ब्रूनो फर्नांडिस के सटीक पास पर एमब्यूमो ने दाहिने निचले कोने में शानदार फिनिश कर यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी.

### डब्ल्यूपीएल
### मेग लानिंग और फीबी लिचफील्ड की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों ने दिलाई यूपी को अहम जीत

# यूपी वॉरियर्ज ने मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराया



**नवी मुंबई, 17 जनवरी. कप्तान मेग लानिंग और फीबी लिचफील्ड की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन की बदौलत यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने शनिवार को विमेंस प्रीमियर लीग के 10वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 22 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला मुंबई इंडियंस के लिए भारी साबित हुआ।**

बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में किरण नवगिरे बिना खाता खोले पवेलियन लौट गईं। इसके बाद फीबी लिचफील्ड ने कप्तान मेग लानिंग के साथ मिलकर पारी को संभाला और आक्रामक अंदाज में रन बटोरे।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रनों की शानदार साझेदारी हुई, जिसने यूपी की पारी को मजबूत आधार दिया। फीबी लिचफील्ड ने 37 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जबकि मेग लानिंग ने 45 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों के साथ 70 रनों की दमदार पारी खेली। 13वें ओवर में अमनजोत कौर ने लिचफील्ड को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा, जबकि अगले ही ओवर में हेली मैथ्यूज ने मेग लानिंग को पवेलियन भेजा। इसके बाद यूपी वॉरियर्ज की रन गति थोड़ी धीमी हुई, लेकिन हरलीन देओल ने 16 गेंदों में 25 रन और क्लोई ट्राइऑन ने 13 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम के स्कोर को मजबूती दी।

हालांकि 19वें ओवर में शिखा पांडे ने अमनजोत कौर को 24 गेंदों में 41 रन पर आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया और मैच का रुख पूरी तरह यूपी वॉरियर्ज की ओर मोड़ दिया। अमनजोत की पारी में आक्रामक स्ट्रोक्स और आत्मविश्वास साफ नजर आया।

दूसरे छोर पर एमेलिया केर ने 28 गेंदों में 49 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिल सका।

> अंतिम ओवरों में मुंबई के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और यूपी को खुलकर रन बनाने का मौका नहीं दिया। श्वेता सहरावत शून्य और सोफी एकल्सटन एक रन बनाकर आउट हुईं। आखिरी गेंद पर एमेलिया केर ने दीप्ति शर्मा को आउट कर यूपी वॉरियर्ज की पारी 187 रन पर समाप्त की। मुंबई इंडियंस की ओर से एमेलिया केर ने तीन विकेट लिए, जबकि नेट साइवर ब्रंट को दो सफलता मिली। निकोला कैरी, हेली मैथ्यूज और अमनजोत कौर को एक-एक विकेट मिला। 188 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने मात्र 69 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए। सजीवन सजना 10, हेली मैथ्यूज 13, नेट साइवर ब्रंट 15, निकोला कैरी छह और कप्तान हरमनप्रीत कौर 18 रन बनाकर आउट हुईं।